# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9.8.22 | 2 | 7-8 |

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग हिसार इकाई के अध्यक्ष बने डॉ. अनूप कुमार और डॉ. संदीप आर्य उपाध्यक्ष

हिसार| इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस), देहरादून की हिसार इकाई की जनरल बॉडी की बैठक कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं हरसैक के निदेशक डॉ. वीएस आर्य की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में आईआईआरएस, हिसार इकाई की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से दो वर्ष (2022-2024) के लिए चयन किया गया जिसमें हरसैक के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनूप कुमार को अध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के वानिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप आर्य को उपाध्यक्ष व सहायक प्रोफेसर डॉ. हरदीप श्योराण को सह-सचिव, हरसैक के सहायक वैज्ञानिक डॉ. कपिल रोहिल्ला को सचिव और वरिष्ठ सहायक वैज्ञानिक नीधि कुण्डू को ट्रेजरर चुना गया है। जनरल बॉडी में भारत के महान वैज्ञानिक एवं भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के पितामह डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिवस पर सुदूर संवेदन दिवस मनाने के बारे में निर्णय भी लिया गया। यह दिवस 16 अगस्त को हरसैक में मनाया जाएगा।



डॉ. अनूप कुमार।



डॉ. संदीप आर्य।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 9.8.22 | 4 | 7-8 |

## आइआइआरएस की जिला इकाई की कार्यकारिणी गठित



डा संदीप आर्या।



डा कपिल।



डा अनूप।

जास, हिसार: इंडियन इंस्टीट्यूट आफ रिमोट सेंसिंग (आइआइआरएस) देहरादून की हिसार इकाई की जनरल बाडी की बैठक कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं हरसैक के निदेशक डा. वीएस आर्य की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में आइआइआरएस हिसार इकाई की कार्यकारिणी का दो वर्ष (2022–2024) के लिए चयन किया गया। जिसमें हरसैक के वरिष्ठ विज्ञानिक (एसजी) डा. अनूप कुमार को अध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. संदीप आर्य को उपाध्यक्ष व सहायक प्रोफेसर डा. हरदीप श्योराण को सह–सचिव, सहायक विज्ञानी डा. कपिल रोहिल्ला को सचिव और वरिष्ठ सहायक विज्ञानी नीधि कुण्डू को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 9.8.22 | 4 | 3-6 |

## हकृवि 12 को निकालेगा तिरंगा रैली

हिसार (ब्यूरो) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय समुदाय सहित अन्य लोगों को इस अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कही। वे हर घर तिरंगा अभियान विषय को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की भी अहम भागीदारी होगी। यह रैली पूरे प्रदेश में एक ही समय पर आरंभ होगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 9.8.22 | 3 | 6-8 |

# एचएयू 12 को प्रदेशभर में निकालेगी तिरंगा रैली

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली निकाली जाएगी। जिसमें चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की भी अहम भागीदारी होगी। यह रैली पूरे प्रदेश में एक ही समय पर आरंभ होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और इसके सभी जिलों में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कृषि कालेज बावल व कौल से 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकिलों पर तिरंगा लगाकर इस रैली में भाग लेंगे। कृषि विज्ञान केंद्रों में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 वर्ष व इससे अधिक आयु के किसानों व कृषक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## 75-75 के समूहों में मोटरसाइकिल पर सवार होंगे युवा

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर व इसके सभी जिलों में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कृषि महाविद्यालय बावल व कौल से 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकलों पर तिरंगा लगाकर इस रैली में भाग लेंगे। विश्वविद्यालय से यह रैली सिरसा जिला के ऐतिहासिक गांव ओढा जोकि वीर जवानों व देश की स्वतंत्रता के लिए सन 1857 की लड़ाई में प्राणों की आहूति देने वाले वीर सपूतों के लिए जाना जाता है, तक जाएगी। कुलपति ने कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंग।

## पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

हर घर तिरंगा अभियान के तहत हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के 11 से 17 अगस्त तक पौधारोपण कार्यक्रम करने के आह्वान के तहत 14 अगस्त को प्रात: 11 बजे विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9.8.22 | 2 | 5-6 |

# एचएयू 12 को निकालेगा तिरंगा रैली

## 15 अगस्त तक सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में होंगे कार्यक्रम

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय समुदाय सहित अन्य लोगों को इस अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहीं। वे हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

वीसी ने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की अहम भागीदारी होगी। यह रैली पूरे प्रदेश में एक ही समय पर आरंभ होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर व इसके सभी जिलों में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कृषि महाविद्यालय बावल व कौल से 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकलों पर तिरंगा लगाकर इस रैली में भाग लेंगे। प्रत्येक जिला स्तर पर यह रैली निकाली जाएंगी व सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विश्वविद्यालय से यह रैली सिरसा जिला के ऐतिहासिक गांव ओढा जो वीर जवानों व देश की स्वतंत्रता के लिए सन् 1857 की लड़ाई में प्राणों की आहूति देने वाले वीर सपूतों के लिए जाना जाता है, तक जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 9.8.22 | 3 | 8 |

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सैंसिंग हिसार इकाई की नई कार्यकारिणी गठित

हिसार, 8 अगस्त (ब्यूरो/स.ह.): इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सैंसिंग (आई.आई.आर.एस.), देहरादून की हिसार इकाई की जरनल बॉडी की बैठक कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं हरसैक के निदेशक डॉ. वी.एस. आर्य की अध्यक्षता में हुई। इसमें हिसार इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।



अनूप कुमार।

बैठक में आई.आई.आर.एस., हिसार इकाई की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से 2 वर्ष (2022-2024) के लिए चयन किया गया, जिसमें हरसैक के वरिष्ठ वैज्ञानिक (एस.जी.) डॉ. अनूप कुमार को अध्यक्ष, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के वानिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप आर्य को उपाध्यक्ष व सहायक प्रोफेसर डॉ. हरदीप श्योराण को सह-सचिव, हरसैक के सहायक वैज्ञानिक डॉ. कपिल रोहिल्ला को सचिव और वरिष्ठ सहायक वैज्ञानिक नीधि कुण्डू को ट्रेजरर चुना गया है।

जरनल बॉडी में भारत के महान वैज्ञानिक एवं भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के पितामह डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिवस पर सुदूर संवेदन दिवस मनाने के बारे में निर्णय भी लिया गया। यह दिवस 16 अगस्त को हरसैक में मनाया जाएगा। इस दिन एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाएगा और व्याख्यान दिए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9.8.22 | 3 | 4-5 |


# अनूप आईआईआरएस हिसार इकाई के अध्यक्ष और संदीप आर्य बने उपाध्यक्ष

माई सिटी रिपोर्टर



अनूप कुमार।



डॉ. संदीप आर्य।

हिसार। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस), देहरादून की हिसार इकाई की जनरल बॉडी की बैठक कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं हरसेक के निदेशक डॉ. वीएस आर्य की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में आईआईआरएस, हिसार इकाई की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से दो वर्ष (2022-24) के लिए चयन किया गया। जिसमें हरसैक के वरिष्ठ वैज्ञानिक (एसजी) डॉ. अनूप कुमार को अध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के वानिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप आर्य को उपाध्यक्ष व सहायक प्रोफेसर डॉ. हरदीप श्योराण को सह-सचिव, हरसेक के सहायक वैज्ञानिक-डॉ. कपिल रोहिल्ला को सचिव और वरिष्ठ सहायक वैज्ञानिक निधि कुंडू को कोषाध्यक्ष चुना गया है। जरनल बॉडी में भारत के महान वैज्ञानिक एवं भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के पितामह डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिवस पर सुदूर संवेदन दिवस मनाने के बारे में निर्णय भी लिया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9.8.22 | 4 | 1-2 |

## एचएयू : 12 अगस्त को निकलेगी तिरंगा रैली



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कही। वे हर घर तिरंगा अभियान विषय को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव में 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा अभियान चलेगा। 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एचएयू की भी अहम भागीदारी होगी। रैली पूरे प्रदेश में एक ही समय आरंभ होगी। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 9.8.22 | 5 | 5-8 |


# हकृवि 12 को प्रदेशभर में निकालेगा तिरंगा रैली : काम्बोज

## 15 अगस्त तक विश्वविद्यालय सहित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में होंगे अनेक कार्यक्रम

**कार्यक्रमों की योजना तैयार, अधिकारियों को दिए निर्देश**

हिसार, 8 अगस्त (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय समुदाय सहित अन्य लोगों को इस अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कही। वे हर घर तिरंगा अभियान विषय को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

कुलपति ने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा इस अभियान के तहत लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि युवा पीढ़ी तिरंगे के इतिहास को जान सके कि कितने बलिदानों व कठिन प्रयासों के बाद भारतवासियों को राष्ट्रीय ध्वज लहराने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की भी अहम भागीदारी होगी। यह रैली पूरे प्रदेश में एक ही समय पर आरंभ होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर व इसके सभी जिलों में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कृषि महाविद्यालय बावल व कौल से 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकलों पर तिरंगा लगाकर इस रैली में भाग लेंगे। प्रत्येक जिला स्तर पर यह रैली निकाली जाएगी व सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विश्वविद्यालय से यह रैली सिरसा जिला के ऐतिहासिक गांव ओढ़ा जोकि वीर जवानों व देश की स्वतंत्रता के लिए सन् 1857 की लड़ाई में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के लिए जाना जाता है, तक जाएगी।

**75 वर्ष से ऊपर के किसानों को सम्मानित किया जाएगा**

उन्होंने कहा विश्वविद्यालय तथा इसके सभी जिलों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 वर्ष व इससे अधिक आयु के किसानों व कृषक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

**देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित**

कुलपति ने कहा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे और विद्यार्थी डिस्प्ले प्रोफाइल (डीपी) पर तिरंगा लगाएंगे।

**पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे**

उन्होंने कहा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हरियाणा के माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जी के 11 से 17 अगस्त तक पौधारोपण कार्यक्रम करने के आह्वान के तहत 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। कुलपति ने उपरोक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 9.8.22 | 10 | 6 |

## हकृवि 12 को निकालेगा तिरंगा रैली

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय समुदाय सहित अन्य लोगों को इस अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर. काम्बोज ने कही। वे हर घर तिरंगा अभियान विषय को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है हकृवि की भी अहम भागीदारी होगी। यह रैली पूरे प्रदेश में एक ही समय पर आरंभ होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर व इसके सभी जिलों में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कृषि महाविद्यालय बावल व कौल से 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकलों पर तिरंगा लगाकर इस रैली में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय तथा इसके सभी जिलों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 वर्ष अथवा इससे अधिक आयु के किसानों तथा कृषक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ-छोर | 8.8.2022 | -- | -- |


# 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकलों पर तिरंगा लगाकर तिरंगा रैली में लेंगे भाग: कुलपति

हिसार/ 08 अगस्त/ रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने हर घर तिरंगा अभियान विषय को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि इस अभियान के तहत लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि युवा पीढ़ी तिरंगे के इतिहास को जान सके। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय की भी अहम भागीदारी होगी। 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकलों पर तिरंगा लगाकर इस रैली में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से यह रैली सिरसा जिला के ऐतिहासिक गांव ओढा, जोकि वीर जवानों व देश की स्वतंत्रता के लिए सन् 1857 की लड़ाई में प्राणों की आहूति देने वाले वीर सपूतों के लिए जाना जाता है, तक जाएगी। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय तथा इसके सभी जिलों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में 75 वर्ष व इससे अधिक आयु के किसानों व कृषक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 8.8.2022 | -- | -- |

## हिसार : एचएयू प्रदेशभर में निकालेगा तिरंगा रैली : कुलपति कम्बोज

08 Aug 2022 19:02:31



विश्वविद्यालय सहित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में होंगे अनेक कार्यक्रम

75 साल या इससे ज्यादा के किसान होंगे सम्मानित

हिसार, 08 अगस्त (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय समुदाय सहित अन्य लोगों को इस अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान विषय पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है। इस अभियान के तहत लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि युवा पीढ़ी तिरंगे के इतिहास को जान सके कि कितने बलिदानों व कठिन प्रयासों के बाद भारतवासियों को राष्ट्रीय ध्वज लहराने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की भी अहम भागीदारी होगी। यह रैली पूरे प्रदेश में एक ही समय पर आरंभ होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर व इसके सभी जिलों में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कृषि महाविद्यालय बावल व कौल से 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकलों पर तिरंगा लगाकर इस रैली में भाग लेंगे। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय तथा इसके सभी जिलों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 वर्ष व इससे अधिक आयु के किसानों व कृषक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कुलपति ने उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/संजीव

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 8.8.2022 | -- | -- |

# आईआईआरएस हिसार इकाई की नई कार्यकारिणी गठित







चिराग टाइम्स न्यूज

**हिसार।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस), देहरादून की हिसार इकाई की जरनल बॉडी की बैठक कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं हरसैक के निदेशक डॉ. वी.एस. आर्य की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उपरोक्त इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में आईआईआरएस, हिसार इकाई की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से दो वर्ष (2022-2024) के लिए चयन किया गया जिसमें हरसैक के वरिष्ठ वैज्ञानिक (एसजी) डॉ. अनूप कुमार को अध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के वानिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफैसर डॉ. संदीप आर्य को उपाध्यक्ष व सहायक प्रोफैसर डॉ. हरदीप श्योराण को सह-सचिव, हरसैक के सहायक वैज्ञानिक डॉ. कपिल रोहिल्ला को सचिव और वरिष्ठ सहायक वैज्ञानिक नीधि कुण्डू को ट्रेजरर चुना गया है। जरनल बॉडी में भारत के महान वैज्ञानिक एवं भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के पितामह डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिवस पर सुदूर संवेदन दिवस मनाने के बारे में निर्णय भी लिया गया। यह दिवस 16 अगस्त को हरसैक में मनाया जाएगा। इस दिन एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 8.8.2022 | -- | -- |

## हकृवि निभाएगा हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका : वीसी

### कुलपति प्रो. काम्बोज ने दिए अधिकारियों को दिशा निर्देश

चिराग टाइम्स न्यूज



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय समुदाय सहित अन्य लोगों को इस अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कही। वे सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान विषय को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की भी अहम भागीदारी होगी। यह रैली पूरे प्रदेश में एक ही समय पर आरंभ होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर व इसके सभी जिलों में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कृषि महाविद्यालय बावल व कौल से 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकलों पर तिरंगा लगाकर इस रैली में भाग लेंगे। प्रत्येक जिला स्तर पर यह रैली निकाली जाएंगी व सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय से यह रैली सिरसा जिला के ऐतिहासिक गांव ओढ़ा जोकि वीर जवानों व देश की स्वतंत्रता के लिए सन् 1857 की लड़ाई में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के लिए जाना जाता है, तक जाएगी। 75 वर्ष से ऊपर के किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा विश्वविद्यालय तथा इसके सभी जिलों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 वर्ष व इससे अधिक आयु के किसानों व कृषक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हरियाणा के माननीय राज्यपाल श्री बंडारु दत्तात्रेय जी के 11 से 17 अगस्त तक पौधारोपण कार्यक्रम करने के आह्वान के तहत 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 8.8.2022 | -- | -- |

# चौ. च. सिंह. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 12 अगस्त को प्रदेशभर में निकालेगा तिरंगा रैली : कुलपति प्रो. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अहम भूमिका निभाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय समुदाय सहित अन्य लोगों को इस अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कही। वे हर घर तिरंगा अभियान विषय को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा इस अभियान के तहत लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि युवा पीढ़ी तिरंगे के इतिहास को जान सके कि कितने बलिदानों व कठिन प्रयासों के बाद भारतवासियों को राष्ट्रीय ध्वज लहराने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की भी अहम भागीदारी होगी। यह रैली पूरे प्रदेश में एक ही समय पर आरंभ होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर व इसके सभी जिलों में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों व कृषि महाविद्यालय बावल व कौल से 75-75 के समूहों में कर्मचारी व विद्यार्थी मोटरसाइकलों पर तिरंगा लगाकर इस रैली में भाग लेंगे। प्रत्येक जिला स्तर पर यह रैली निकाली जाएगी व सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विश्वविद्यालय में यह रैली सिरसा जिला के ऐतिहासिक गांव ओढ़ा जोकि वीर जवानों व देश की स्वतंत्रता के लिए सन् 1857 की लड़ाई में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के लिए जाना जाता है, तक जाएगी। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय तथा इसके सभी जिलों में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 वर्ष व इससे अधिक आयु के किसानों व कृषक महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कुलपति ने कहा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे और विद्यार्थी डिस्प्ले प्रोफाइल (डीपी) पर तिरंगा लगाएंगे। उन्होंने कहा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हरियाणा के माननीय राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय जी के 11 से 17 अगस्त तक पौधारोपण कार्यक्रम करने के आह्वान के तहत 14 अगस्त को प्रातः 11 बजे विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। कुलपति ने कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 8.8.2022 | -- | -- |

# इंडियन इंसटीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस) हिसार इकाई की नई कार्यकारिणी गठित

**समस्त हरियाणा न्यूज**

हिसार। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईआईआरएस), देहरादून की हिसार इकाई की जनरल बॉडी की बैठक कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं हरसैक के निदेशक डॉ. वी.एस. आर्य की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में उपरोक्त इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में आईआईआरएस, हिसार इकाई की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से दो वर्ष (2022-2024) के लिए चयन किया गया जिसमें हरसैक के वरिष्ठ वैज्ञानिक (एसजी) डॉ. अनूप कुमार को अध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के वानिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप आर्य को उपाध्यक्ष व सहायक प्रोफेसर डॉ. हरदीप श्योराण को सह-सचिव, हरसैक के सहायक वैज्ञानिक डॉ. कपिल रोहिल्ला को सचिव और वरिष्ठ सहायक वैज्ञानिक नीधि कृष्णु को ट्रेजरर चुना गया है। जनरल बॉडी में भारत के महान वैज्ञानिक एवं भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के पितामह डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिवस पर सुदूर संवेदन दिवस मनाने के बारे में निर्णय भी लिया गया। यह दिवस 16 अगस्त को हरसैक में मनाया जाएगा। इस दिन एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी



जिसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाएगा और व्याख्यान दिए जाएंगे। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी सदस्यों ने चुने जाने पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया व संस्था के बहुमुखी विकास के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया।









# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 8.8.2022 | -- | -- |

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग हिसार इकाई की नई कार्यकारिणी गठित



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग (आई.आई.आर.एस.), देहरादून की हिसार इकाई की जनरल बॉडी की बैठक कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं हरसेक के निदेशक डॉ. वी.एस. आर्य की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में हिसार इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में आई.आई.आर.एस., हिसार इकाई की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से दो वर्ष (2022-2024) के लिए चयन किया गया जिसमें हरसेक के वरिष्ठ वैज्ञानिक (एस.जी.) डॉ. अनूप कुमार को अध्यक्ष, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप आर्य को उपाध्यक्ष व सहायक प्रोफेसर डॉ. हरदीप श्योराण को सह-सचिव, हरसेक के सहायक वैज्ञानिक डॉ. कपिल रोहिल्ला को सचिव और वरिष्ठ सहायक वैज्ञानिक नीपि कुण्डू को ट्रेज़रर चुना गया है।

जनरल बॉडी में भारत के महान वैज्ञानिक एवं भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिवस पर सुदूर संवेदन दिवस मनाने के बारे में निर्णय भी लिया गया। यह दिवस 16 अगस्त को हरसेक में मनाया जाएगा। इस दिन एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाएगा और व्याख्यान दिए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 8.8.2022 | 03 | 4-5 |

# हकृवि में 12 अगस्त को प्रदेश भर में निकालेगा तिरंगा रैली : कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

**15 अगस्त तक विश्वविद्यालय सहित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों में होंगे अनेक कार्यक्रम**

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हर घर तिरंगा अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय समुदाय सहित अन्य लोगों को इस अभियान के



साथ जोड़ा जाएगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कही। वे हर घर तिरंगा अभियान विषय को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलपति ने कहा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसके तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा इस अभियान के तहत लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि युवा पीढ़ी तिरंगे के इतिहास को जान सके कि कितने बलिदानों व कठिन प्रयासों के बाद भारतवासियों को राष्ट्रीय ध्वज लहराने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को प्रदेशभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की भी अहम भागीदारी होगी।